नई दिल्ली, शनिवार
7 सितंबर 2019
ग्रेटर नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 20+8+6=34

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

आजम की सांसद पत्नी पर 30 लाख का जुर्माना 9
जन्मदिन पर डॉटर ऑफ दी नेशन से सम्मानित होंगी लता मंगेशकर 14

गौर अतुल्यम में निकाली शोभायात्रा

जासं, ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर अतुल्यम में राधाकृष्ण मंदिर की स्थापना हुई। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। पहले दिन मूर्ति पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा व दूसरे दिन पूजन, शोभायात्रा व प्रसाद वितरित हुआ। सोसायटी में रहने वाले लोगों के अलावा आसपास के निवासी बड़े उत्साह के साथ आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। सोसायटी में मंदिर की स्थापना हो जाने के बाद निवासियों में खुशियों का माहौल है। मंदिर में राधाकृष्ण के साथ समस्त देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई है। सोसायटी के निवासियों ने सोसायटी के गलियारों में विशाल शोभायात्रा निकाली। सोसायटी के लोग हर्षोल्लास के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। सोसायटी के लोग लंबे समय से मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने का इंतजार कर रहे थे। मंदिर स्थापित हो जाने के बाद निवासियों में खुशी की लहर है।

ग्रेनो वेस्ट स्थित गौड़ अतुल्यम सोसायटी में राधा कृष्ण मंदिर की स्थापना के अवसर पर पूजा-अर्चना करते सोसायटीवासी ● सौ.निवासी